सार-समाचार

उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

चूरू (निसं)। स्थानीय जैन श्वेतांबर विद्यालय की कक्षा एलकेजी. से कक्षा 04 तक का परीक्षा परिणाम गुरुवार को अजय किशोर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में घोषित किया गया। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जांगिड ने बताया कि मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन व प्रार्थना के बाद परिणाम की घोषणां की गई। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विधार्थियों व उनके अभिभावकों को माला पहनाकर, प्रषस्ति-पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंग्रेजी माध्यम प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य जगदीश धुंआ, सुरेश शर्मा, विजय शर्मा, कमल कुमार, भंवरी देवी, अन्नु सैन, अरुणा बीका, देवकन्या, दीपारानी व दीनदयाल ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज सैनी ने किया।

श्री श्याम बाबा भजन समिति के सर्वसम्मति से चुनाव हुए

सीकर, (निसं)। श्यामभक्तों के पंजीकृत धार्मिक संगठन श्रीश्याम बाबा भजन समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के चुनाव गुरुवार को सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। यहां शेखपुरा स्थित रामेश्वरम में आयोजित मासिक मीटिंग में चुनावों सहित अन्य विषयों पर भी विचार किया गया। चुनाव अधिकारी सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि सभी सदस्यों ने विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से राजकुमार त्रिपाठी को अध्यक्ष, वीरेन्द्र माथुर को उपाध्यक्ष, रामगोपाल शर्मा ''श्यामभक्त गोपी'' को सचिव व कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा को चुना गया। उन्हें पदभार सौंपा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपनी कार्यकारिणी में पवन गिनोडिया को कार्यकारी अध्यक्ष, भावना जांगिड, सरोज शर्मा व पायल कुमावत को उपाध्यक्ष, सह सचिव अनिता कांकडोलिया, संगठन मंत्री ज्योति तनवानी सहित संरक्षक मंडल में राधारमण शर्मा पूर्व अध्यक्ष पिंकसिटी प्रेसक्लब, ओमप्रकाश झाझुका, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़, रामप्रकाश सैनी व सरिता पेशवानी को शामिल किया गया है।

विद्यार्थी सम्मानित

रतनगढ़ (निसं)। शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित प्रतिष्ठित आर्या पब्लिक स्कूल का स्कूल स्तरीय परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी किया। परीक्षा परिणाम में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषबाबू इन्दौरिया,आर्या विद्यालय परिवार के निदेशक शिक्षाविद अंबिका प्रसाद हारित, प्रधानाचार्या अंबिका तिवाड़ी,सचिव डॉ.अनुराग हारित द्वारा मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इंदौरिया ने बच्चों को लगातार अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया और परिश्रम, लगन व निष्ठा का महत्व बताया। उषा स्वामी, सोनिया शर्मा ने आगंतुकों का आभार-अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा पारीक,पल्लवी सरावगी, हर्षा सिधी ने संयुक्त रूप से किया। परीक्षा परिणाम के दिन विद्यालय परिसर में सेल्फी पॉइंट्स बनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं व परिवारजनों ने खुशी के पल की अपने मोबाइल में सेल्फी ली। सेल्फी पॉइंट्स बनाने की कला एवं शिल्प दीक्षा व आरती शर्मा,आदि ने तैयार किया। इस अवसर पर नेहा अग्रवाल,रितु शर्मा, डिंपल चौधरी,मेहरीन,रक्षा सोनी,चेतना जोशी सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जरूरतमंदों को राशन किट बांटे

रतनगढ़, (निसं)। स्थानीय राधा कृष्ण कुंज पर वैशाख शुक्ल पक्ष की एकादशी पर श्री श्याम परिवार संघ के संस्थापक लक्ष्मीनारायण बंणसिया के सानिध्य में स्व. जगन्नाथ सीमार की स्मृति में प्रजापति समाज के संरक्षक व धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी महेश कुमार सीमार सपत्नीक,गिरधारीलाल प्रजापति के आर्थिक सहयोग से जरूरतमंद परिवारों को राशन किट व कपड़ों का वितरण किया गया। सीमार ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा ही मनुष्य जीवन का असली ध्येय है। इस दौरान राशन वितरण में राकेश कुमार भुढाढरा, बैंक अधिकारी नंदकिशोर माटोलिया, वरिष्ठ पत्रकार नारायण प्रसाद सैनी, पुजारी मनोज इंदौरिया, समाजसेवी विजय कुमार चोटिया ने सहयोग किया। राम लखन सीमार ने सभी आगंतुकों का श्याम बाबा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ तारानगर दौरे पर

तारानगर (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड, चूरू विधायक हरलाल सहारण व पदम् भूषण देवेंद्र झाझडिया ने गुरुवार को तारानगर चूरू बाईपास पर स्थित विनायक होटल एवं मैरीज पैलेस का रीबन काटकर उद्घघाटन किया। होटल संचालक रवि स्वामी व महिपालराम स्वामी ने बताया कि होटल में शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलेगा, होटल में शराब पीना एवं पीकर आना सख्त मना है। ठहरने की सम्पूर्ण व्यवस्था रहेगी। पूर्व पालिका अध्यक्ष जसवंत स्वामी ने आगंतुक लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मोके पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व विस प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनियाँ, अमरसिँह चारण, जमरदीन तेली, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, शिव भगवान जोशी, लीलाधर बगोरिया, सुरजाराम गहलोत, दलीप पूनियाँ, अजीतसिँह, विशाल शर्मा, कपिल स्वामी, मोहम्मद तैयब, त्रिलोक रेगर, राकेश टाक सहित कस्बे के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं के सचिव डॉ. महेंद्र केएस सोलंकी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य केंद्र मां सेवा संस्थान बगड झुंझुनूं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वहां रहने वाले मानसिक विमंदितों के खाने की व्यवस्था का जायजा लिया। वहां की साफ-सफाई व्यवस्था, डॉक्टरों की व्यवस्था, समय-समय पर मरीजों को दी जाने वाली दवाइयां, आगंतुक रजिस्टर आदि का भी मुआयना किया गया। सड़क किनारे घूमने वाले मानसिक विमंदितों व ऐसे मानसिक विमंदित जिनका परिवारजन ध्यान नहीं रख सकते ऐसे मानसिक विमंदित को उक्त मानसिक स्वास्थ्य गृह में रखा जाता है। निवासरत महिला व पुरूष मानसिक विमंदितों के लिए पृथक-पृथक व्यवस्था की गई है। महिला विमंदितों के लिए गृह में नियोजित महिला कार्मिकों की संख्या इत्यादि की भी जानकारी ली गई। साफ-सफाई व सर्दियों में विमंदितों को रजाई इत्यादि उपयुक्त मात्रा में उपलब्ध करवाने के लिए गृह संचालक को निर्देश दिए गए।

मरीजों को फल वितरित किये

चूरू (निसं)। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी चूरू जिला शाखा की ओर से अध्यक्ष जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डीबीएच व एमसीएच विंग में मरीजों को फल व रिकॉर्ड फाइल वितरित की गई। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रघुनंदन शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का मूल मंत्र सेवा व धर्म है। हम सभी मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाले ऐसे सेवा कार्यों में सहभागी बनें। कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार, अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, जगदीश शर्मा, बृजेन्द्र दाधीच, बालकृष्ण बंसिया, राजकुमार भालेरीवाला, जगदीश सर्राफ सहित चिकित्सक व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

सोनू प्रथम, ज्योति व निकिता दूसरे स्थान पर रही

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के मंड्रेला रोड स्थित वर्षा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में चल रहे सांस्कृतिक व खेलकूद सप्ताह के दौरान गुरुवार को मेहंदी प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय की बीएड प्रशिक्षु छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी रचाई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। प्रतियोगिता प्रभारी प्रवक्ता सुमन झाझडिया ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीएड प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु सोनू कुमारी रही। द्वितीय स्थान पर बीएड प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु निकिता व द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु ज्योति सैन रही। निर्णायक मंडल की भूमिका सुभाषचंद्र और प्रीति शर्मा ने निभाई।

सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण

सीकर, (निसं)। बदलते मौसम के साथ चिकित्सा विभाग के प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने गुरूवार को जिले के चिकित्सा संस्थाओं का औचक सघन निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालयों में गर्मी में लू तापघात और मौसमी बीमारियों से बचाव व उपचार के लिए किए गए इंतजाम परखें। साथ ही अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता, साफ सफाई, जांच उपरणों की क्रियाषीलता, स्टॉफ की उपस्थिति, बेड की उपलब्धता, पीने के पानी, कूलर, पंखे आदि के इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही बिना सक्षम अनुमति के अवकाष पर नहीं जाने तथा संस्थान पर रहने के निर्देश दिए।

निदेशक जन स्वास्थ्य की ओर से प्रदेश में 6 से 10 मई तक अस्पतालों में लू तापघात एवं मौसमी बीमारियों से बचाव की व्यवस्थाओं को जांचने और सुनिष्चित करने के लिए संयुक्त निदेषक डॉ एसएन धौलपुरिया पिछले तीन दिन से लगातार संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। गुरूवार को उन्होंने जिले के फतेहपुर ब्लॉक के रामगढ सेठान, ढाढ़ण, रोलसाहबसर तथा उप जिला अस्पताल फतेहपुर की व्यवस्थाओं को परखा।

उन्होंने संस्थानों के ओपीडी, टीकाकरण, प्रसव, लेब, वार्ड, आपातकालीन किट, ओआरएस की उपलब्धता, दवा वितरण केन्द्र, दवाइयों की उपलब्धता व स्टॉक का जायजा लिया। उनके साथ अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्शल चौधरी, पीएमओ डॉ सुभाष महला, बीसीएमओ डॉ दिलीप सिंह, डॉ सत्यनारायण सब्बल, डॉ मुकेश पालीवाल, डॉ अशोक चौधरी, डॉ जीवराज ढाका व डीपीसी एनटीसीपी डॉ संजय शर्मा सहित मौजूद रहे। वहीं विभाग के कार्यक्रम, योजना व गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने गुरूवार को जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संस्थान आवंटित करते हुए आठ व नौ मई को उप जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने के आदेष जारी किए। सीएमएचओ डॉ अषोक महरिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नाडा की ढाणी व रघुनाथगढ़, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कूदन, कोलिडा व तारपुरा की व्यवस्थाओं को परखा।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरोही चला, जिला क्षय रोग निवारण अधिकारी डॉ रतनलाल ने सीएचसी पाटोदा, खीरवां व बलारां, फतेहपुर बीसीएमओ डॉ दिलीप सिंह ने सीएचसी बेसवा, गारिण्डा, दांता बीसीएमओ डॉ भरतसिंह चौहान ने सीएचसी बाय, कूदन के कार्यवाहक बीसीएमओ डॉ जगदीष ओला ने उप जिला अस्पताल लोसल, सीएचसी धोद व कासली, पिपराली बीसीएमओ डॉ अजीत शर्मा ने सीएचसी पलासरा, पिपराली, गुंगारा, श्रीमाधोपुर बीसीएमओ डॉ पंकज शर्मा ने सीएचसी मउ, पलसाना बीसीएमओ डॉ नितेष शर्मा ने सीएचसी रानोली व जीणमाता, खण्डेला बीसीएमओ डॉ नरेष पारीक ने सीएचसी कांवट, जाजोद, अजीतगढ बीसीएमओ डॉ राजेंद्र कुमार यादव ने सीएचसी टोडा, बीसीएमओ डॉ भूपेन्द्र सिंह ने सीएचसी गणेश्वर और पाटन बीसीएमओ डॉ गजानंद सैनी ने सीएचसी जीलो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने अस्पतालों का निरीक्षण किया।

अवैध डोडा-पोस्त के परिवहन में आर्थिक मदद करने का आरोपी गिरफ्तार

राजलदेसर (निसं)। चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत दिनेश कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ व अनिल कुमार रतनगढ़ पुलिस उपधीक्षक रतनगढ के निकटतम सुपरविजन में 4 मई को दिलीप सिह थानाधिकारी रतनगढ के निर्देशन में दौरान गश्त मुखबीरी सूचना पर मेगा हाइवे, रतनगढ-सरदारशहर रोड़ टी पोईन्ट रतनगढ से गस्त चैकिंग के दौरान आरोपी अनमोलसिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह (24) व ब्रजीन्द्र सिंह पुत्र गूरमलसिंह (24) निवासी झंडुके थाना बालियावाली जिला भटीण्डा पंजाब के कब्जे से अवैध डोडा पोस्त छिल्का 46.315 किलोग्राम सहित गिरफ्तार किया तथा एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया किया गया जिसका अनुसंधान राजलदेसर थानाधिकारी कमलेश कुमार के द्वारा किया जा रहा था।

अनुसंधान प्रकरण मे पुर्व में गिरफ्तारशुदा आरोपी अनमोलसिंह व ब्रजिन्द्रसिंह ने बताया कि उक्त डोडा पोस्त किशनगढ से पंजाब ले जा रहा था, उक्त डोडापोस्त छिलका आरोपी तरसेमसिंह पुत्र रूपसिंह (42) निवासी रामनगर उर्फ कसाईवाडा थाना मोडमण्डी पंजाब द्वारा अपने पेटीएम से आरोपी अनमोलसिंह के फोन पेय पर 8000 रूपये ट्रांसफर कर एवं आरोपी ब्रिजिन्द्रसिंह को 90000 रूपये नगद देकर आर्थिक मदद करना साबित पाया जाने पर मुलजिम तरसेमसिंह को 6 मई को पुलिस टीम द्वारा आरोपी तरसेमसिंह के निवास स्थान रामनगर उर्फ कसाईवाडा थाना मोडमण्डी पंजाब हाल किरायेदार मानसा खूर्द पंजाब से दबिस देकर आरोपी को डिटेन किया गया आज न्यायालय रतनगढ़ में पेश कर 12 मई तक का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जा रहा है व मुलजिम से उक्त माल खरीद फरोखक्त के संबध में अनुसंधान जारी है।

अवैध डोडा पोस्त के परिवहन में आर्थिक मदद करने का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।

लोक अदालत कल

झुंझुनूं, (निसं)। राष्ट्रीय लोक अदालत कल होगी। इसके संबंध में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में न्याय टेबल पर पिछले तीन दिवस से आपसी समझाइश से मुकदमों का निस्तारण करवाए जाने के लिए प्री काउंसलिंग जारी है। शुक्रवार को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से संबंधित विशेष प्री काउंसलिंग जिला आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील करेंगे। आयोग सदस्य प्रमेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील के मार्गदर्शन में आयोग के लंबित प्रकरणों, प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्र, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के पुराने बकाया, वीसीआर, विवादित बिल राशि, विद्युत कनेक्शन स्थापित करने में आने वाली अड़चनों इत्यादि से संबंधित मामलों के प्रकरणों का निस्तारण उपभोक्ता व अजमेर डिस्कॉम के अधिकारियों को न्याय टेबल पर एक साथ बैठाकर करवाने का प्रयास जिला आयोग द्वारा किया जाएगा।

सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन ने हेलमेट बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। सड़क सुरक्षा का संदेश देने और इस अभियान को आगे बढाने के लिए सरकार के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी कार्य कर रही है। इसी क्रम में गुरूवार को शहर के गांधी चौक में सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर उनसे संकल्प लिया कि वे जब भी दुपहिया वाहन चलाएंगे। तो हेलमेट जरूर लगाएंगे।

लॉयंस क्लब झुंझुनूं तथा श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुंबई प्रवासी उद्यमी अनिल पाटोदिया, उनकी पत्नी अर्चना पाटोदिया, भाई प्रदीप पाटोदिया व नरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि लगातार फाउंडेशन समेत अन्य भामाशाहों के सहयोग से हेलमेट वितरण का कार्य किया जा रहा है। आज गांधी चौक में बिना हेलमेट वाले दुपहिया वाहन चालकों को ट्रेफिक पुलिसकर्मियों ने रूकवाया। उन्हें पहले हेलमेट पहनाया और बाद में हेलमेट पहनने के फायदे बताते हुए उनसे संकल्प लिया कि वे हमेशा हेलमेट पहनेंगे। इस मौके पर प्रवासी पाटोदिया परिवार के सदस्यों का लॉयंस क्लब की अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत था सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता आदि के द्वारा स्वागत भी किया गया।

कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गोयल का स्वागत

चूरू (निसं)। दक्ष प्रजापति अतिथि भवन में सर्व कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेंद्र गोयल के चूरू आगमन पर गुरुवार को प्रजापत समाज ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये गोयल ने कहा कि समाज की एकता व समाज को शिखर पर ले जाने वाला एक मात्र सूत्र शिक्षा है। समाज में शिक्षा की चाबी हर प्रकार के ताले को खोल सकती है और समाज की एकता बड़े-बड़े व्यक्तियों को भी झुका सकती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में राजनीति की सख्त आवश्यकता है। सो मण सोना एक तरफ रति भर राज। इसलिए राज में भागीदारी बने। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल दादरवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समाज बंधुओं ने गोयल का मार्ल्यापण कर, साफा पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सर्व कुम्हार महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेश प्रजापत, अध्यक्ष गोपालराम प्रजापत, पूर्व पार्षद छगन प्रजापत, किशन लाल किरोडीवाल, कन्हैया लाल टाक, पार्षद लिखमीचंद टाक, मनीराम प्रजापत, सरपंच ओमप्रकाश खींवासर, मुकेश कड़वासर, कुलदीप प्रजापत, चिरंजीलाल प्रजापत, महावीर प्रजापत, दयाचंद प्रजापत, बलदेव बूंटिया, बजरंग प्रजापत, मदन प्रजापत, सोहनलाल प्रजापत सहित बडी संख्या में समाज के गणमान्य जन उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आज

झुंझुनूं, (निसं)। गर्भावस्था व प्रसव के दौरान होने जोखिम को कम करने और जननी और उनके होने शिशु को सुरक्षित रखने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को जिलेभर के करीब 150 से अधिक संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सत्रों का आयोजन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि सरकारी चिकित्सा संस्थानों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और उन्हें आवश्यक उपचार की सेवाएं प्रदान की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक लाभार्थी महिलाओं की जांच एवं उपचार करेंगे। गर्भवती महिलाओं की गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन हर माह की 9, 18, 27 तारीख को किया जाता है। खून की जांच, सोनोग्राफी और दवाएं सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं। आरसीएचओ डॉ. दयानंदसिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की एचबी, एचआईवी, सिफलिस, बीपी, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन की जांच सहित जटिलता की जांच की जा रही है।

लोहार्गल धाम के श्री देवनारायण मंदिर में पांचवें दिन 108 कुंडीय महायज्ञ जारी

खिरोड़, (निसं)। शेखावाटी अंचल के लोहार्गल धाम में पांचवें दिन गुरुवार को महायज्ञ में 251 जोडों ने बैठकर पूजा अर्चना की। दोपहर 12 से तीन बजे तक चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दौरान विद्वान पंडित भोला शंकर दास महाराज द्वारा कथा का रसपान करवाया जा रहा है।

देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि कालाकोटा धाम के महंत बलदेवाचार्य महाराज एवं धनावता धाम के महंत भगत सांवताराम महाराज के सानिध्य में चल रहे महायज्ञ के दौरान राजस्थान ही नहीं। बल्कि अन्य प्रदेशों से भी लोग महायज्ञ में पहुंच रहे हैं। महायज्ञ में आहुति देने के लिए हजारों की संख्या में लोहार्गल धाम पहुंच रहे हैं। भागवत कथा वाचक भोलाशंकर दास महाराज ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की भक्ति करने मात्र से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

बशर्ते मनुष्य द्वारा भगवान के प्रति की गई भक्ति भावना में निस्वार्थ भाव होना चाहिए। 108 कुंडीय श्री देवनारायण महायज्ञ के दौरान चिरंजीवी शास्त्री के द्वारा श्रद्धालुओं से यज्ञशाला में पूजा अर्चना करवाई जा रही है। पंडित चिरंजीवी शास्त्री ने लोगों को अधिक से अधिक सख्या में भागवत कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है। वहीं धनावता धाम के महंत भगत सांवताराम महाराज ने देश में चल रहे आतंकवाद पर हर भारतीय फौजी को सही सलामत रखने के लिए महायज्ञ में विद्वान पंडितों से मंत्र उच्चारण भी करवाए जा रहे हैं।

108 कुंडीय श्री देवनारायण महायज्ञ के दौरान यज्ञशाला के परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। दिनभर श्रद्धालु यज्ञशाला के परिक्रमा लगा रहे हैं। वहीं महायज्ञ के दौरान सैकडों की संख्या में श्रद्धालु मंत्र जाप के बीच आहुतियां देने में लगे हुए हैं। लोहार्गल की वादियों में भगवान श्रीदेवनारायण के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। वहीं विभिन्न वैदिक मंत्रों की गूंज भी सुनाई दे रही है। महायज्ञ के दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

शेखावाटी अंचल के लोहार्गल धाम में पांचवें दिन महायज्ञ में 251 जोडों ने बैठकर पूजा-अर्चना की।

कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में 145 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन हुआ

चूरू (निसं)। रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय चूरू की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप निदेशक आईटीआई नेहा सैनी थी।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रोजगार कार्यालय की सहायक निदेशक वर्षा जानू ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरएसएलडीसी समन्वयक जितेन्द्र ने कौशल प्रशिक्षण की जानकारी दी। शिविर में उपस्थित नियोजकों ने विभिन्न पदों की रिक्तियों के बारे में जानकारी दी।

इस रोजगार सहायता शिविर में सीआईआई एमसीसी, फ्लेक्स जो एचआर सर्विसेज, इनोसोर्स लि., एलएंडटी स्किल, अंबुजा फाउंडेशन, विजन इण्डिया आदि कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया। इसमें राजकीय विभागों यथा जिला उद्योग केन्द्र, राजकीय आईटीआई चूरू द्वारा स्वरोजगार, प्रशिक्षण हेतु प्रेरित किया गया तथा ऋण सम्बंधी जानकारी दी गयी।

वक्ताओं द्वारा बेरोजगार युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित होने, कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने व स्वरोजगार हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में लगभग 375 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें प्रारंभिक रूप से 145 बेरोजगार अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ रोजगार अधिकारी सुशीला कताला, वरिष्ठ सहायक संजय गोस्वामी व संदीप न्योल ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अनुदेशक कमलेश ने किया।

जिला रोजगार कार्यालय की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बेरोजगार युवाओं के लिए कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया।

झुंझार सिंह सर्किल का लोकार्पण आज

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के संस्थापक वीर योद्धा झुंझा के नाम पर हाल ही में प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा नामकरण की गई वीरवर झुंझार सिंह सर्किल का लोकार्पण एवं नागरिक अभिनंदन समारोह नौ मई शुक्रवार को सुबह सवा नौ बजे किया जाएगा। वीरवर झुंझार सिंह संस्थान के सचिव सुरेश जाखड़ ने बताया कि यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है कि जवानों, किसानों एवं भामाशाहों के जिले झुंझुनूं के संस्थापक वीर योद्धा झुंझा के नाम से जिला परिषद के सामने स्थित सर्किल का नामकरण हुआ है। इस पर झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के कर कमलों से लोकार्पण किया जाएगा।

खोया-पाया सूचना

मैं शपथपूर्वक ब्यान करती हूं कि कस्बा पिलानी के वार्ड नं. 21 में मेरा मकान स्थित है। मेरे उक्त मकान के इकरार नोटेरी के दस्तावेज गुम हो गये हैं, भविष्य में दस्तावेज मिलने पर दुरूपयोग न कर नगरपालिका कार्यालय में जमा करवा दूंगी। मैंने मकानात का पट्टा बनवाने के लिए नगरपालिका पिलानी में आवेदन किया है। इस संदर्भ में कोई वाद-विवाद पाये जाने पर मेरा पट्टा निरस्त समझा जावे। समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। अगर यह दस्तावेज किसी व्यक्ति को मिलता है तो वह अविलम्ब कार्यालय नगरपालिका पिलानी में जमा करवा दें।

मुकेश देवी पत्नी रामकिशन जाति जाट निवासी लक्ष्मी कॉलोनी, पिलानी, झुन्झुनूं (राज.)

विवादकों के स्थिरीकरण के लिये समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखंड अधिकारी महोदय, स्थान मलसीसर
वादीया मंजू देवी विरूद्ध महेश कुमार वगैरह
दावा बाबत घोषणा विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा
सिविल वाद संख्या 10 सन 2020

प्रेषित :- 1. महेश कुमार पुत्र शिवचंद जाति जाट निवासी चैनपुरा पोस्ट ठादूसर तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं

वादीया मंजू देवी ने आपके विरूद्ध दावा बाबत घोषणा विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद के लिये संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 14.05.2025 को दिन के 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से संबंधित सभी सारवाना प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 1962/05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
रीडर
उपखंड अधिकारी मलसीसर, (झुंझुनूं)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, सीकर
क्रमांकः LU2012/SIK/2025-26/100635 दिनांकः 08.05.2025
लोक सूचना

श्रीमति BHANWARI पत्नी BIRAM DEV जाति JAAT निवासी BHAGAT SINGH COLONY, NAWALGARH ROAD, WARD NO. 41, TAGORE SCHOOL KE PASS, SIKAR श्रीमती MANJU CHOUDHARY पत्नी श्री VIJAYPAL SINGH जाति JAAT निवासी WARD NO.06, VIA REENGUS, SRIMODHOPUR, KOTRI DHAYLAN,SIKAR श्री MANOJ ARYA पुत्र श्री PYARELAL ARYA जाति JAAT निवासी KUDLI,SIKAR श्रीमती GEETA ARYA पत्नी श्री PYARELAL ARYA जाति JAAT निवासी KUDLI, SIKAR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयो